कार्यालय

# मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वनसंरक्षक

## छिंदवाड़ा वनवृत्त, छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश – 480001

Email-cfchhindwara@mpforest.org Tel./Fax No.07162-245470

क्रमांक / मा.चि. / 2002 छिंदवाड़ा, दिनांक 12.11.2021

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक,
(भू–प्रबंध)
म.प्र. भोपाल

विषयः– वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत पश्चिम छिंदवाड़ा सामान्य वनमंडल के परासिया वन परिक्षेत्र अंतर्गत ब्रम्हपुरी कोयला खदान मे आरक्षित वन भूमि 32.475 हे., संरक्षित वनभूमि 29.181 हे. एवं राजस्व वनभूमि 88.442 हे. कुल 150.098 हे. वनभूमि में भूमिगत उत्खनन का मेसर्स बिरला कार्पोरेशन लिमिटेड सतना के पक्ष मे प्रत्यावर्तन। Online proposal FP/MP/MIN/51637/2020

संदर्भः– वनमंडलाधिकारी पश्चिम छिंदवाड़ा का पत्र क्रमांक 4230 दिनांक 28.10.2021

–––000–––

निवेदन है कि विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र से छिंदवाड़ा वन वृत्त के पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल अंतर्गत परासिया वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 710 ,पी 730ए, पी 730 बी रकबा 61.565 हे. एवं राजस्व वन भूमि रकबा 88.442 हे. कुल रकबा 150.098 हे. मे ब्रम्हपुरी भूमिगत कोयला खदान का वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अंतर्गत वन भूमि व्यपवर्तन का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

प्रस्ताव में वनमंडलाधिकारी द्वारा प्रपत्र भाग–2 की पूर्ति कर एवं वनमंडलाधिकारी का स्थल निरीक्षण 24 बिंदुओं पर प्रतिवेदन दिनांक 18.10.2021 का संलग्न है।

चूंकि प्रस्ताव 40.00 हे. से उपर होने के कारण मेरे द्वारा दिनांक 11.11.2021 को प्रकरण मे प्रस्तावित भूमि का स्थल निरीक्षण किया गया। वनमंडलाधिकारी द्वारा प्रेषित स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन से सहमत होते हुये प्रस्ताव में प्रपत्र भाग–3 की पूर्ति कर प्रस्ताव आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न संप्रेषित है।

संलग्नः–प्रस्ताव 3 प्रतियों मे।

(के. के. भारद्वाज)
मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वनसंरक्षक
छिंदवाड़ा वनवृत्त

पृ.क्र. 2003 दि. 12.11.21

प्रतिलिपिः– 1. वनमंडलाधिकारी पश्चिम छिंदवाड़ा।
2. मेसर्स बिरला कार्पोरेशन लिमिटेड मुम्बई महाराष्ट्र ।
की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वनसंरक्षक
छिंदवाड़ा वनवृत्त